हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री


10 पौधरोपण करना केवल एक कार्य नही बल्कि....


10 बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक किया

## खबर संक्षेप

### 515 ग्राम चरस के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने नरवाना के हिसार रोड पर ढाबे के निकट नशीला पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहे व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 515 ग्राम चरस बरामद किया है। सदर थाना नरवाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि हिसार रोड पर ढाबे के पास व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़ा है।

### जुलाना में करंट लगने से भैंस की मौत

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड एक में करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई। किसान ने भैंस की मौत से नुकसान की भरपाई की मांग की है। वार्ड निवासी सुरजमल ने बताया कि वह पशुपालन कर परिवार का पेट पालता है। कुछ दिन पहले ही डेढ़ लाख रुपये की भैंस लाया था। सोमवार को तालाब में भैंस को पानी पिलाने के लिए गया था ट्रांसफार्मर के नीचे लटक रही तार को मुंह से छु लिया।

### घर में घुस महिलाओं से बदसलूकी, कपड़े फाड़े

**जींद।** कृष्णा कॉलोनी में देर रात को घर में घुस कर हमला करने तथा महिलाओं से अभद्र व्यवहार तथा अशील हरकत करने पर शहर थाना पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर 20 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृष्णा कालोनी निवासी हरेंद्र ने पुलिस को शिकायत दी है।

### कर्मचारी के साथ की मारपीट,मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल में कोयल पर्यटन केंद्र के कर्मचारी के साथ मारपीट करने और जाति सूचक शब्द कहने का मामला प्रकाश में आया है। कोयल पर्यटन केंद्र में कार्यरत कुक मदनलाल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में बताया कि 6 जुलाई को करण सिंह नामक व्यक्ति ने उसे जाति शब्द कहते हुए उसके साथ मारपीट की। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया।

### पशु व्यापारी से मारपीट कर डेयरी से 12 भैंस लूटी, केस

**जींद।** अमरहेड़ी रोड पर पशु व्यापारी की डेयरी से 12 भैंस जबरन ले जाने तथा विरोध करने पर पशु व्यापारी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगों को नामजद कर 15 अन्य के खिलाफ लूट, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है।

### गांव चाणचक में मारपीट में महिला घायल, केस

**कैथल।** कैथल के गांव चाणचक में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। रामप्यारी ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 जुलाई को गांव के ही मंगतराम, कमला देवी, स्वर्ण सिंह, निको देवी, गुरमीतो देवी, अमनदीप और रामपाल ने मिलकर उसे पर तेजधार हथियार तथा लात मुक्कों से मारपीट कर घायल कर दिया।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बिशनपुरा से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बिशनपुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 29 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने-पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### 1. 230 किलोग्राम अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स सैल द्वारा थाना सदर क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 1 किलो 230 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ के लिए 3 दिन का रिमांड हासिल किया गया।

### मरीज व तीमारदारों को परेशानी, पानी खड़ा रहने से मच्छर पनपने का खतरा

# जरा सी बरसात से नागरिक अस्पताल बना तरणताल

### अस्पताल में आने वाले मरीजों को पानी से होकर इमरजेंसी में जाना पड़ रहा

### लगभग साढ़े 18 लाख से इमरजेंसी वार्ड व शवगृह के बीच बनी थी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बारिश के बाद अस्पताल परिसर में जमा बरसाती पानी। फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल सोमवार को जरा सी बारिश में तरणताल बन गया। जिसके चलते मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस समय डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। ऐसे में अस्पताल परिसर में बारिश का पानी खड़ा रहने से मच्छर पनपने का खतरा भी बन गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस समस्या पर मंथन किया तो पाया कि अस्पताल में शव गृह और पुरानी बिल्डिंग के सामने सड़क निर्माण के दौरान सीवरेज के मेनहोल ब्लॉक रहते हैं। जिसके चलते यहां बरसाती पानी जमा हो जाता है। अब अस्पताल प्रबंधन दोबारा से लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर इसे ठीक करने की बात कहेगा।

लगभग साढ़े 18 लाख से इमरजेंसी वार्ड व शवगृह के बीच बनी थी सड़कः वर्ष 2024 लोक निर्माण विभाग ने 18 लाख 32 हजार रुपये का बजट खर्च कर नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड व शव गृह के बीच सड़क बनाई थी। इमरजेंसी के सामने खाली परिसर में सीमेंट के ब्लॉक लगा कर उसको ऊंचा कर दिया। इसी दौरान शुलभ शौचालय के पास पानी निकासी के लिए बनाए गए सीवरेज के मैन होल की तरफ किसी का ध्यान नही गया। मेन होल ब्लॉक हो जाने के कारण यहां से पानी की निकासी नही हो पाती है। जिसके चलते हर बारिश में नागरिक अस्पताल परिसर तरणताल बन जाता है। बरसाती पानी भर जाने के कारण मरीज, अस्पताल स्टाफ, तीमारदार यहां से नहीं गुजर पाते हैं और अधिकारियों को कोसते हुए नजर आते हैं। पहले जहां पानी इमरजेंसी वार्ड के मुख्य गेट पर नहीं पहुंचता था लेकिन अब सीमेंट ब्लाक के साथ लेवल ऊंचा हो गया है और हल्की सी वर्षा के साथ ही जलभराव इमरजेंसी के गेट तक पहुंचने लगा है। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को पानी से होकर इमरजेंसी में जाना पड़ता है। अब जब तक ब्लॉक मेनहोल को ठीक नही करवाया जाता या नियमति तौर पर इन मेल होल की सफाई नही करवाई जाती तब तक यहां से पानी की निकासी नहीं हो पाएगी। इसलिए अस्पताल प्रबंधन के साथ-साथ लोगों की परेशानी बनी रहेगी।

#### लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखेंगे

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि बारिश के दौरान अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग और शव गृह के पास पानी जमा हो जाता है। पहले भी जब बारिश हुई थी तो पानी जमा हो गया था। लोक निर्माण विभाग को पत्र लिख कर समस्या से अवगत करवाया जाएगा। प्रयास किया जाएगा कि अस्पताल में जलभराव की इस समस्या का स्थायी समाधान हो ताकि भविष्य में परेशानी न हो।

#### बड़ी परेशानी



#### फसलों के लिए फायदेमंद, कई स्थानों पर जलभराव

बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। काफी हद तक पानी की कमी को पूरा कर रही है। वह बारिश के कारण शहरी इलाकों में पानी निकासी न होने के कारण लोगों को जरूर परेशानी का सामना करना पड़ता है। सोमवार को भी शहर में बारिश के दौरान जलभराव के हालातों से गुजरना पड़ा। दोपहर बाद ही बरसाती पानी की निकासी संभव हो पाई। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि बारिश एक साथ न होकर बिखराव में हो रही है। दस जून तक बारिश की संभावना है। अच्छी बारिश के आसार बन रहे है।


जींद। रानी तालाब के पास जमा बरसाती पानी को पंप से निकालते हुए।

### जींद में 42 एमएम बारिश और पिल्लूखेड़ा, सफीदों रहे अछूते

**जींद।** मानसून की सक्रियता के चलते जिले मे सोमवार को कहीं अच्छी बारिश हुई तो कहीं पर किसान बारिश का बेसब्री से इंतजार करते नजर आए। बारिश के कारण शहरी इलाकों में जलभराव भी देखने का मिला। बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई। बारिश ने लोगों को उमस से राहत दिलाने का काम भी किया। तापमान में भी चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम भी सुहाना बना रहा। बारिश फसलों के लिए फायदेमंद है। सोमवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 84 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। बादलों के छाने से बारिश के आसार भी बने रहे। जिले में सोमवार को औसतन 12.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि जींद में 42 एमएम बारिश दर्ज की गई। जुलाना में 36 एमएम तथा उचाना में आठ एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि नरवाना, सफीदों, अलेवा, पिल्लूखेड़ा में बुंदाबांदी रही। सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा में इस बार बहुत कम बारिश हुई है। जबकि यह धान की बैल्ट है।

### उचानाः बाजारों में भरा बारिश का पानी

**उचाना।** सोमवार सुबह हुई तेज बारिश से धान की रोपाई में किसानों को फायदा होगा। बारिश से नेशनल हाइवे एवं बाजारों में पानी भरने से वाहन चालक, राहगीर पूरे दिन परेशान रहे। रेलवे रोड, पुरानी अनाज मंडी, नेशनल हाइवे, सर्विस रोड, राजेंद्र कालोनी में जलभराव शाम तक रहा। बारिश के बाद हर बार पानी निकासी नहीं होने से लोगों को परेशानी होती है। किसान राजा, सुदेश, बलजोर ने कहा कि बारिश होने से धान की रोपाई तेजी से होगी। यह बारिश फसल, किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगी। अमन, संदीप, प्रमोद ने कहा कि बारिश होने से बाजारों में जलभराव होने से परेशानी का सामना करना पड़ा।


उचाना। अनाज मंडी में भरा बारिश का पानी।


जुलाना। मैन बाजार में दुकानों में भरा बरसाती पानी।

### निकासी न होने से दुकानों में घुसा पानी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के मेन बाजार में निकासी नही होने के कारण दुकानों के आगे बरसाती पानी भर जाता है। सोमवार को सुबह से ही तेज बरसात हुई तो सड़क पर लगभग दो फीट तक बरसाती पानी भर गया। इसके अलावा दुकानों में भी पानी घुस गया। जिससे दुकानों में रखा सामान खराब हो गया। दुकानदार नरेंद्र, अमित, सुरेश, धर्मबीर आदि दुकानदारों ने कहा कि कई बार इसकी शिकायत भी दी गई लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। दुकानदारों की मांग है कि बरसाती पानी की निकासी का समाधान जल्द से जल्द किया जाए ताकि उन्हें हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

## हांसी-बुटाना नहर की टूटी दीवार नहीं बनी बारिश में बहा पानी, ग्रामीणों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका


गुहला चीका। हांसी बुटाना नहर पर रोष जताते किसान। फोटो :हरिभूमि

गुहला क्षेत्र के ग्रामीणों ने हांसी-बुटाना नहर की क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत न होने पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों द्वारा बीकेयू के बैनर तले शिकायत पत्र अधीक्षण अभियंता, पंचकूला को भेजा है जिसमें आरोप लगाया है कि वर्ष 2023 में आई बाढ़ से हांसी-बुटाना नहर की दीवार ढह गई थी, लेकिन तकरीबन दो साल बीत जाने के बावजूद विभाग द्वारा न तो दीवार का पुनर्निर्माण किया गया और न ही मलबा हटाया गया। शिकायतकर्ता चमकौर सिंह, उप प्रधान, बीकेयू हरियाणा ने बताया कि वर्ष 2023 की बाढ़ के दौरान टटियाना गांव के पास नहर की दीवार टूट गई थी, जिससे आसपास के गांवों में जलभराव से फसलों को नुकसान हुआ। इसके बाद भी विभाग ने सिर्फ ऊपरी लीपापोती कर दी और मजबूत निर्माण कार्य नहीं करवाया, जिससे इस वर्ष फिर से पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में घुस गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभागीय लापरवाही के कारण इस वर्ष भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सरोला गांव के पास से बह रही नदी और हांसी-बुटाना पुल के पास बनाए गए साइफन की मरम्मत तक नहीं की है। यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में और बड़े नुकसान की आशंका है।

## कहासुनी से खफा हो की थी पूर्व सरपंच के बेटे की हत्या

- मौके की ताक में रहता था आरोपित, मौका मिलते दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

गांव काब्रछा में पूर्व सरपंच के बेटे की चाकू से वार कर हत्या के पीछे मुख्य कारण कुछ समय पहले कहासुनी होना रहा था। उचाना थाना पुलिस ने हत्यारोपित को गिरफ्तार कर आदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपित से हत्या से संबंधित तथ्यों को जुटाएगी। गांव काब्रछा निवासी मोहन ने गत छह जुलाई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका छोटा भाई प्रीतम गत पांच जुलाई देर शाम को बाइक से तारखां रोड पर अपने खेत में पानी संभालने गया हुआ था। उसी बीच उन्हें सूचना मिली कि प्रीतम खून से लथपथ सड़क पर पड़ा हुआ है। जिस पर वह मौके पर पहुंचा और जानकारों के सहयोग से प्रीतम को उचाना नागरिक अस्पताल ले गया। जहां पर उपचार के दौरान उसके भाई की मौत हो गई। मरने से पूर्व उसके भाई प्रीतम ने बताया था कि गांव के ही मनीष ने उसे चाकू मारे हैं। मोहन ने आरोप लगाया था कि आरोपित मनीष के साथ दो अन्य आरोपित भी थे। उचाना थाना पुलिस ने मनीष को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मनीष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसकी कुछ समय पहले मृतक प्रीतम से कहासुनी हो गई थी। जिससे खफा होकर आरोपित मौके की तलाश में था। उसने मौका पाकर प्रीतम की हत्या कर दी।

#### आरोपी रिमांड पर

उचाना के डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि मृतक तथा आरोपित के बीच कुछ समय पहले कहासुनी हुई थी। जिससे खफा होकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपित को अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया है। जिससे तथ्यो को जुटाया जाएगा।

## पाई में मां की ममता फिर से तार-तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पाई में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव में नवजात का भ्रूण मिला। ग्रामीणों ने इसकी सुचना पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत गांव में आकर भ्रूण को अपने कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार सुबह के समय उन्होंने देखा कि कुत्ते स्कूल के पास वाली गली से नाले से एक प्लास्टिक की थेली में कुछ निकाल कर नोच रहे थे। उन्होंने पास जाकर देखा कि उस थैली में बच्चे का भ्रूण है। उन्होंने तुरंत इसकी सुचना डायल 112 पर दी। इस पर पुलिस अपने साथ सीन आफ क्राइम की टीम को भी साथ लेकर आई। उन्होंने देखा कि नाले के पास सड़क पर एक लगभग 6-7 माह का भ्रूण पड़ा हुआ है। उन्होंने इसको एक डिब्बे में बंद किया और साथ ले गई। भ्रूण मेल है या फिर फिमेल पता नही चल सका। पुलिस ने बताया कि शायद किसी महिला ने लोक लाज से बचने के लिय इसको नाले में फैंका है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि किसी महिला ने अवैध तरीके से डिलिवरी करवाई है और लोक लाज से इसे प्लास्टिक की थैली में डालकर फैक गई। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को यह भी कहते सुने गया कि सरकार भ्रूण हत्या की ओर विशेष घ्यान दे रही है।

#### जांच जारी

पूंडरी थाना एसएचओ राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस संबंध में उनके पास ग्रामीणों की ओर से सूचना आई थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई। भ्रूण को सीन ऑफ क्राइम टीम की जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेजा जाएगा।

#### तथ्य जुटाए जा रहे

पता लगाया जाएगा कि भ्रूण लड़के का है या लड़की का है। पुलिस इस बात का पता लगाने के लिए भी गांव में पड़ताल कर रही है कि किस महिला ने इसे फेंका है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उन्हीं के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाएं बोली-कई महीनों से नहीं हो रही पेयजल की सप्लाई

## बड़ौदावासियों ने नेशनल हाईवे पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। नेशनल हाइवे पर लगा जाम। फोटो :हरिभूमि

बड़ौदा गांव में सोमवार को जींद में दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर महिलाओं ने जाम लगा दिया। जाम लगा रही महिलाओं का कहना है कि पिछले कई महीने से पीने के पानी की समस्या परेशान हैं। जलघर में पानी नहीं आ रहा है। इसके अलावा बारिश के बाद हाईवे फ्लाईओवर के दोनों तरफ तीन से चार फीट पानी भर जाता है। हाईवे पर जाम लगाए जाने की सूचना मिलते ही उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं को समझाकर जाम खुलवाया। करीब एक घंटे तक लगे जाम के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर बड़ौदा गांव की महिलाएं बीचोंबीच बैठकर जाम लगाकर बैठ गई। इससे दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। जाम लगा रहे लोगों ने बताया कि नरवाना के पास भाखड़ा ब्रांच नहर से पाइप लाइन के जरिये गांव के जलघर में पानी आता था। अब पिछले कई माह से पानी का प्रेशर नहीं है। पहले की बजाय आधा भी पानी फिलहाल नहीं मिल रहा। डूमरखां समेत कई गांवों की पेयजल सप्लाई इसी लाइन में जोड़ दी। जिसके कारण उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। इससे घरों तक पीने का पानी नहीं पहुंच रहा। महिलाएं सबमर्सिबल आदि से पानी लाने को मजबूर हो रही हैं। वहीं गांव में जो फ्लाईओवर बनाया गया हैए वहां दोनों तरफ सर्विस रोड बना है और ड्रेन बनी हैं लेकिन ड्रेन की कहीं पर भी निकासी नहीं की गई है। यह हमेशा पानी से भरी रहती हैं। जब भी बारिश होती है तो सर्विस रोड पर दोनों तरफ तीन से चार फीट तक पानी भर जाता है। इससे बड़ौदा के अलावा घोघड़ियां, कुचराना खुर्द, कुचराना कलां, कहसून, भौंसला, छापड़ा, धनखड़ी, बधाना समेत कई गांवों के लोगों को परेशानी आती है। वाहन चालकों को कई किलोमीटर आगे जाकर वापस आना पड़ता है।

## गांव जुलानी में सांप के काटने से युवक की मौत

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव जुलानी खेत में गए युवक की सांप के काटने से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव जुलानी निवासी प्रदीप गत दिवस शाम को अपने खेत में गया हुआ था। जहां पर उसे सांप ने काट लिया। जिसका उसको अहसास नही हुआ। देर रात को प्रदीप की तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसे परिजनों द्वारा नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सुचना पाकर सदर थाना पुलिस नागरिक अस्पताल पहुंची और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के पिता गुलाब के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

## खबर संक्षेप

### बस में यात्री की जेब से नकदी चुराते दो दबोचे

**जींद।** बस में सवार व्यक्ति की जेब से तीन हजार रुपये चोरी करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव फैरण कलां निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बस में सवार होकर घर जा रहा था। गांव कर्मगढ़ के निकट उसकी जेब से तीन हजार रुपये निकाल लिए। जिसकी भनक उसे लग गई और युवक को काबू कर लिया। जिसकी पहचान कलायत निवासी अमित तथा सोरखी निवासी साहिल के रूप में हुई।

### अवैध धार्मिक ढांचों को हटाने के लिए निर्देश

**जींद।** जिला में सार्वजनिक यानी सरकारी जमीन पर बने अवैध धार्मिक ढांचों को लेकर लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि अगर कहीं भी ऐसी कोई धार्मिक संरचना बनी है जो सरकारी जमीन पर है और अवैध है तो उसकी पहचान की जाए और उसकी पूरी रिपोर्ट जल्द से जल्द तैयार की जाए।

### असलाह उपलब्ध करवाने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस असलहा उपलब्ध करवाने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जुलाना थाना पुलिस ने गत तीन जुलाई को गांव लिजवाना कलां निवासी अजीत को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने जब अजीत से पूछताछ की तो सामने आया था कि गांव झमौला निवासी टिंकू ने उसे असलहा उपलब्ध करवाया था। पुलिस ने कर्रवाई करते हुए टिंकू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### हड़ताल में शामिल न होने का निर्णय

**जींद।** हरियाणा रोडवेज स्वतंत्रता कर्मचारी यूनियन की बैठक जींद डिपो के यूनियन कार्यालय में प्रधान राजेश चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन डिपो सचिव कृष्ण कुमार द्वारा किया गया। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं राज्य कमेटी के आह्वान पर यूनियन ने नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल नही होने का फैसला लिया। डिपो प्रधान राजेश चोपड़ा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज स्वतंत्रता कर्मचारी यूनियन ने सरकार, विभाग और कर्मचारी हित में काम किया है।

### रेलवे अंडरपास की लीकेज होगी ठीक

**जींद।** रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर शैलेंद्र ने बताया कि डीसी मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार जींद-सोनीपत रेलवे लाईन पर रेलवे अंडरपास नंबर सी 1 (देवीलाल चौक) में जो लिकेज हो रही है, उसको दुरुस्त करने के लिए कुछ समय के लिए बंद किया जाएगा। यहां से नौ जुलाई से 16 जुलाई तक वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद रहेगी ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो और कार्य के दौरान कोई बाधा न आए।

### संयुक्त किसान मोर्चे का धरना 1175वें दिन जारी

**नरवाना।** नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज भी 1175 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता रामधारी ढाकल ने की और मंच संचालन मास्टर बलजीत सिंह माण्डी ने किया। मंच सांझा करते बलदेव सिंह ने बताया कि आने वाले समय में किसानों और किसानी की दिक्कतें में और अधिक इज़ाफ़ा होने की आशंका जताई।

### सीए इंटर में फिर से छाए गोपाल विद्यालय के छात्र

**जींद।** विद्या भारती एवं हिंदू शिक्षा समिति से सम्बद्ध गोपाल विद्या मंदिर स्कूल के छात्र भैया बहनों ने एक बार फिर सीए इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रतिभा का लोहा मनवाया। अब की बार विद्यालय के पूर्व छात्र भैया बहनों में शुभम शर्मा, शिवम बिंदल, पंकज, अलका, अल्पा, कशिश व प्रियंका ने सीए इंटर परीक्षा में उत्तम परीक्षा परिणाम हासिल किया।

---

*पुलिस को थी तलाश, पांच हजार रुपये का था इनाम*

# हिस्ट्री शीटर हत्याकांड में अज्ञात के खिलाफ केस

*दर्ज थे चौदह अपराधिक मामले, हांसी पुलिस ने रखा था इनाम*

- हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस टीमें, सीसीटीवी फूटेज खंगाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के गांव पौली के निकट बीती रात जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर हिस्ट्री शीटर की गोलियों से भून कर हत्या तथा उसके साथी पर हुए जानलेवा हमला करने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक पर हत्या समेत 14 अपराधिक मामले दर्ज थे। हांसी पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया हुआ था। जिला पुलिस को भी मृतक की तलाश थी। पुलिस ने हत्यारों को लेकर हाइवे पर लगे सीसी टीवी कैमरों की फूटेज को खंगाला। फिलहाल जुलाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। **क्या था मामलाः** गांव राजपुरा भैण निवासी रिषी (28) तथा उसका साथी गांव का ही मनीष बीती देर रात गांव गढ़वाली से बाइक पर रोहतक की तरफ जा रहे थे। गांव पौली से निकल कर नहर पुल के निकट बाइक सवारों ने दोनों पर अंधांधुध फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली बाइक चला रहे मनीष की कमर में जा लगी। जबकि उसके पीछे बैठा रिषी हाईवे पर गिर गया। जिस पर हत्यारों ने रिषी को कई गालियां मारी। जबकि मनीष बाइक लेकर नहर पटरी से भाग निकला। हत्यारे वारदात को अंजाम देकर रोहतक की तरफ फरार हो गए। राहगीरों ने रिषी को खून से लथपथ देख सड़क हादसा मान उसे पीजीआई रोहतक पहुंचाया। उसी दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा लिया। जुलाना थाना पुलिस ने घायल मनीष की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों के अधिनियम, जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर किया है।



#### हत्यारों की तलाश जारी

जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि घायल युवक की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मृतक पर भी 14 अपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस टीमें लगातार हत्यारों की तलाश कर रही है।

#### हत्या की वारदात को दिया अंजाम

मृतक रिषी पर हत्या, लूटपाट, शस्त्र अधिनियम, दहशत फैलाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत जींद तथा हिसार जिले में 14 अपराधिक मामले दर्ज थे। जमानत पर आने के बाद गत 17 मई को गांव नाडा हिसार से गाड़ी को लूटने पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। गत 18 मई को शराब ठेके पर फायरिंग करने के मामले में भी वांछित था। पुलिस को भी रिषी की तलाश थी। खास बात यह रही कि रिषी पर पुलिस ने ज्यादा नजर आरोपित हत्यारे रखे हुए थे। यह भी साफ है कि रिषी से गहरी रजिश हत्यारों की रही है। जिन्होंने बीती देर रात हत्या की वारदात को अंजाम दे दिया।

#### 14 अपराधिक मामले दर्ज

पुलिस के अनुसार मृतक रिषी पर 14 अपराधिक मामले दर्ज रहे हैं। एक जनवरी 2019 तथा 29 जून 2019 को सदर थाना जींद मे आर्म्ज एक्ट, 22 अप्रैल को सिविल लाइन थाना मे हमला कर लूटपाट करने, 19 जनवरी 2021 को सदर थाना जींद में आर्म्ज एक्ट, 23 दिसंबर 2020 को दहशत फैलाने व आर्म्ज एक्ट, 19 दिसंबर 2020 को जुलाना थाना इलाके में लूट, 16 जनवरी 2021 को जुलाना थाना मे दशहत तथा धोखाधड़ी, 24 अक्टूबर 2020 को सदर थाना जींद मे जानलेवा हमला करने तथा आर्म्ज एक्ट, 15 नवंबर 2020 को सदर थाना मे मारपीट करने, चोरी, 19 नवंबर 2020 को सदर थाना में हत्या, दस मार्च तथा 29 जनवरी 2015 शहर थाना मे मारपीट, 17 मई को नारनौंद थाना में लूट, तथा 18 मई को जीद सदर में फिरौती तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं।

---

# नरवाना : रोजगार मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। रोजगार मेले में भाग लेने आए युवा। फोटो :हरिभूमि

उप मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा सोमवार दिनांक 07.07. 2025 को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कार्यालय के परिसर में किया गया। जिसमें 18 प्रार्थियों ने भाग लिया। जिसमें पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड से भर्ती अधिकारी नीतू यादव ने प्रार्थियों के मौके पर ही ब्रांच वैलनेस सलाहकार व ब्रांच मैनेजर के पद हेतु साक्षात्कार लिए। पांच प्रार्थियों को शॉर्ट लिस्ट करके आगामी कार्रवाई के लिए चयन किया।

इस अवसर पर सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि रोजगार विभाग समय.समय पर निजी सेक्टर में प्रार्थियों को समायोजित करवाने के लिए जॉब फेयर व प्लेसमेंट ड्राइव करते रहते हैं। इसी कड़ी में आज रोजगार कार्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। उन्होंने चयनित प्रार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राममेहर सहायकए ललित प्रसाद व विक्रम बेनीवाल लिपिक विनोद कुमार ईश्वर व कर्मवीर सेवादार मौजूद रहे।




जींद। पौधारोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**नरवाना।** राजकीय कालेज द्वारा जयपाल आर्य के कुशल नेतृत्व में 1 जुलाई से 7 जुलाई राष्ट्रीय सेवा योजना और भूतपूर्व छात्रो के सहयोग से पौधा रोपण कार्यक्रम चलाया जिसमें गुरुसरए कान्हा खेड़ा फूलिया खुर्द एवं फूलिया कलां गांव में विद्यालयए चिकित्सालय क्रीडा स्थल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों के साथ खेत क्या ट्रीटमेंट और नालियों पर पौधारोपण किया गया। बड़ पीपल,नीम सहजन अमरूद जामुन पारिजात गुड़हलए गुलाबए अंजीर इत्यादि प्रजाति के लगभग 260 पौधों का प्रत्यारोपण किया गया। सभी पौधों का संरक्षण करने का उत्तरदायित्व प्रत्येक गांव के विद्यार्थी और समाजसेवियों ने लिया है। इस अवसर पर जयपाल सिंह आर्य ने आम जन मानस को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते बताया कि पेड़ पौधों वनस्पतियों के द्वारा जल संरक्षण के साथ भूमि और वायु की पवित्रता और शुद्ध भी होती है। वर्षा का पानी पेड़. पौधों और वनस्पतियों की जड़ों के साथ भूमि में जल्दी चला जाता है।

## सह मंत्री बने राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़वाला

**नरवाना।** भारतीय तिब्बत समन्वय संघ जो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र के लिए कार्य कर रही संस्था जिसके मुख्य राष्ट्रीय संरक्षक कप्तान सोलंकी पूर्व गवर्नर हरियाणा अन्य प्रदेश पूर्व वरिष्ठ प्रचारक आरएसएस भारत तिब्बत समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरेंद्र पीएस तोमर व राष्ट्रीय महामंत्री बहन रज्जो ने नरवाना राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़वाला को भारत तिब्बत समन्वय संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सह मंत्री का दायित्व दिया है। राजेंद्र गुप्ता इससे पहले भी अग्रोहा धाम ट्रस्ट के प्रदेश प्रचार मंत्री हैं तथा प्रदेश व्यापार मंडल के महासचिव का दायित्व भी निभा रहे हैं। भारत तिब्बत समन्वय संघ की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष कुसुम डॉ विनोद पवन आरएसएस के जिला कार्यवाहक विवेक शर्माए दिनेश गोयल एडवोकेट हंसराज मंडी प्रधान ईश्वर गोयल सिंटू गौरव विश्व हिंदू परिषद के सुशील शास्त्री भाविप के सुरेश मित्तल संजय एडवोकेट सतीश सेतिया सेवा भारती प्रांतीय कार्यकारिणी से विनीत आर्य ने राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़वाला के इस नए दायित्व के लिए धन्यवाद किया।

---

## बीडीपीओ से मिले भूराण के ग्रामीण

**जींद।** पंचायती जमीन की बोली न करवाकर बीसवेदारों की जमीन को खाते लगवाने की मांग को लेकर पिल्लूखेड़ा खंड के गांव भूराण के ग्रामीण सोमवार को बीडीपीओ पिल्लूखेड़ा से मिले। ग्रामीणों ने बीडीपीओ से मांग करते कहा कि गांव के लोग इस जमीन पर खेतीबाड़ी कर गुजर बसर कर रहे हैं लेकिन गांव के कुछ शरारतीतत्व इस जमीन को खाली करवाने का प्रयास कर गांव में विवाद करवाने का प्रयास कर रहे हैं। अगर प्रशासन इस जमीन की बोली करवाने में उनका सहयोग करता है तो गांव में बहुत बड़ा विवाद हो जाएगा। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीण ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि गांव की जो भी बीसवेदारों की जमीन है वह गांव के लोगों के खाते लगा दी जाएगी और इसी निर्णय के अनुसार प्रदेश के ज्यादातर गांव में बीसवेदारों की जमीन को खाते लगा दिया गया है लेकिन केवल उनके गांव की बीसवेदारों की जमीन को अभी तक सरकार द्वारा खाते लगाने का काम नहीं किया गया है। सरकार ने उल्टा बीसवेदारों की जमीन को पंचायत के हवाले कर दिया है।



जींद। बीडीपीओ से मिलने आए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि



जींद। घायल स्वर्णकार से मिलते सभा सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार करे पुलिस

**जींद।** मैढ सुनार सभा ने बदमाशों द्वारा स्वर्णकार अनील पर जानलेवा हमला कर 50 लाख से ज्यादा के आभूषण की लूटपाट करने की निंदा करते हुए सरकार व प्रशासन से हमलावरों को तुरंत गिरफतार करने की मांग की है। बुरी तरह से घायल अनील को नागरिक अस्पताल जींद में भर्ती किया गया है। मैढ सुनार सभा जींद के प्रधान सत्यनारायण सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा ने पुलिस अधिक्षक जींद को पत्र लिखकर तुरंत प्रभाव से बदमाशों को गिरफ्तार कर जेवरों को बरामद करने की मांग है। प्रशासन को आगाह करते बताया कि यदि शीघ्र ही हमलावर बदमाशों की गिरफतारी व लूटे आभूषणों को बरामद नही किया गया तो मैढ सुनार सभा व स्वर्णकार संघ सड़कों पर आकर आंदोलन करेगा। गौरतलब है कि रोहतक से आते समय गांव पौली के पास बदमाशों ने घात लगा कर अनील पर हमला किया और लोहे की रॉड व डंडो के साथ साथ असलहा दिखाकर लगभग 50 लाख से जयादा के सोने के आभूषण लुट कर फरार हो गए।

## श्याम बाबा के चरणों में सजा भक्ति का दरबार

**जींद।** श्री श्याम एकादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम मंदिर बनखंड महादेव मंदिर में भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री श्याम परिवार जींद द्वारा बाबा श्याम के अनन्य भक्तों की उपस्थिति में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल शर्मा व उनकी धर्मपत्नी संतोष देवी यजमान के रूप में उपस्थित रहे। जिन्हे श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान योगेश गोयल, नवीन गोयल, संजय गोयल, राकेश गोयल, विकास मित्तल, अजय कांत, वरुण गर्ग, सुरेंद्र गोयल द्वारा सम्मानित किया गया। जींद संकीर्तन सभा में श्रद्धालुओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही। भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान हुआ और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। कार्यक्रम में नरेश भजनी, मोनू दहिया, विनोद सैनी, साहिल अत्री तथा जानवी खर्ब जैसे प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन बाबा श्याम की भव्य आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



जींद। श्रद्धालुओं को सम्मानित करती प्रबंधक कमेटी की टीम।



जींद। शिकायतों का समाधान करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

## जन शिकायतों का प्राथमिकता से हल सुनिश्चित करें

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त जन शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंच सके। एडीसी सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान जन समस्याओं की सुनवाई करते दिए। शिविर में अर्बन एस्टेट स्थित पार्क नंबर एक के सुधार कार्यों में आ रही बाधाओं की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग को कार्य में गति लाने और समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। गांव हाडवा के ग्रामीणों ने शराब के ठेके के रिहायशी क्षेत्र के निकट होने के कारण उत्पन्न हो रही सामाजिक समस्याओं की शिकायत की। इस पर एडीसी ने संबंधित विभाग को तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं गांव बड़ोदा के निवासियों द्वारा गली में जल निकासी अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की।

---



जींद। शिविर का शुभारंभ करते डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल। फोटो :हरिभूमि

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**जींद।** समग्र शिक्षा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सौजन्य से जिला जींद के सरकारी स्कूलों में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक पढने वाले दिव्यांग बच्चों के चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन अंकुर दिव्यांग स्कूल में किया गया। इस चिकित्सा जांच शिविर का शुभारंभ जिला परियोजना संयोजक रीतू पंघाल ने किया। शिविर का निरीक्षण डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने किया। सोमवार को खंड उचाना एवं सफीदों के 47 बच्चों की चिकित्सा जांच की गई। पात्र बच्चों के सर्टिफिकेट बनाए गए। इस जांच शिविर में नागरिक अस्पताल जींद से चिकित्सक एवं सहायक स्टाफ, रेडक्रॉस स्टाफ, एलिम्को स्टाफ, समाज कल्याण विभाग स्टाफ , रोडवेज स्टाफ और सभी विशेष अध्यापक उपस्थित रहे। इस चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन एपीसी अशोक गौतम की देखरेख में किया गया। मंगलवार को खंड जुलाना एवं जिले के पीएमश्री स्कूलों के दिव्यांग बच्चों की चिकित्सा जांच की जाएगी।

# बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत बराह खुर्द गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे किया गया। तेजवीर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने रैपिड फीवर मास सर्वे के दौरान बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बनाई और घरों के टंकी, कूलर, होदी, ड्रम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ आदि में लार्वा की जांच की गई व मलेरिया से बचाव बारे पंपलेट भी बांटे गए। सर्वे के दौरान नुक्कड़ सभाएं करके आम जनता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई और मलेरिया, डेंगू, जापानी बुखार से बचाव बारे जागरूक किया।



जींद। मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

तेजवीर सिंह ने कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है जोकि पानी में अपना जीवन चक्र पूरा करता है। मलेरिया बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमे कंपकपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त, चक्कर आना, जी मचलना व पूरे शरीर मे थकावट होती है। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अपने आसपास पानी न खड़ा होने दें। अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें। मच्छरदानी लगाकर सोएं। घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगाएं। सुनील गिल, सोनू, जीवन, संजय व आशा वर्कर मौजूद रहे।



जींद। शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## लक्ष्मी व शिवानी की टीम प्रथम

**जींद।** राजकीय वमावि रामराये में सोमवार को प्राचार्या ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डाइट इक्कस से आए कुलदीप बेरवाल व कुलदीप यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई एवं प्रतियोगिता के अंत में कुलदीप बेरवाल ने बच्चों को शतरंज की बारीकियां भी सिखाई। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक नफे सिंह शास्त्री ने बताया कि शतरंज की शुरुआत भारत में सातवीं शताब्दी के आसपास से चतुरंग के नाम से हुई। 22 दिसंबर 2019 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को मान्यता देने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दी। 20 जुलाई 1924 को अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की स्थापना हुई। प्राचार्या ज्योति शर्मा ने बताया कि शतरंज से मनुष्य का बौद्धिक विकास के साथ-साथ आपसी तालमेल और भाईचारे की भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता में विद्यालय की कुल छह टीमों ने भाग लिया। जिसमें लक्ष्मी व शिवानी ने प्रथम और देविका व प्रीति ने द्वितीय स्थान पाने में सफलता हासिल की। रंगकर्मी रमेश भनवाला ने मंच का संचालन किया। प्राचार्या ज्योति शर्मा, नफेसिंह शास्त्री, रमेश भनवाला मौजूद रहे।

---

**कार्यक्रम** | इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में वन महोत्सव का आयोजन

# पौधरोपण करना केवल एक कार्य नही बल्कि भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्पः सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में स्काउट्स एंड गाइड्स टीम के सौजन्य से वन महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया और छात्रों को भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए गए।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरियाली को प्रोत्साहित करना था। छात्र व छात्राओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर गाइड शिक्षिका रेखा ने विद्यालय चेयरमैन सुरेंद्र का कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाते हैं। चेयरमैन सुरेंद्र ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्य नही बल्कि एक भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। हर छात्र को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।



जींद। पौधे रोपित करते हुए स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

#### प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं दी

कार्यक्रम के अंत में छात्रों को विभिन्न पौधों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें घर ले जाकर रोपण करने हेतु प्रेरित किया गया। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए स्काउट्स एंड गाइड्स टीम तथा सभी प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं दी। हरित पर्यावरण, सुरक्षित जीवन की भावना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## पोस्टर मेकिंग में मोनिका प्रथम

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की एनसीसी विंग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का विषय स्किल सेल एनीमिया रहा। अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की व संचालन एनसीसी इंचार्ज अंजू ने किया। छात्राओं को स्किल सेल एनीमिया के बारे व उनके खतरनाक परिणामों से अवगत करवाते अंजू ने यह प्रतियोगिता एनसीसी कैडेट्स के लिए आयोजित करवाई। इस प्रतियोगिता में सात कैडेट्स ने भाग लिया। जिसमें से बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की मोनिका देवी व नंदिनी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया तथा बीए द्वितीय वर्ष की कामिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका संगीत गायन विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. क्यूटी ने निभाई। कार्यक्रम की इंचार्ज अंजू ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की व प्राचार्या ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारी आश्रम में किया पौधरोपण

**राजौंद।** एक पौधा मां के नाम अभियान की श्रृंखला में ब्रह्माकुमारी आश्रम राजौंद द्वारा गांव माजरा में पौधे रोपण किया गया। कार्यक्रम में माताओं, बहनों को जागरुक करते हुए ब्रह्माकुमारी बहन ने बताया कि पौधों में भी प्राण होते है। पृथ्वी पर पेड़ पौधों का सबसे पहले जन्म हुआ, मनुष्य बाद में आया। जीवन में पेड़ पौधों का बहुत महत्व है, क्योंकि इनसे हम कई प्रकार की शिक्षाएं लेते हैं।

### सिसला धाम में बाबा श्याम के चरणों में शीश नवाया

**पूंडरी।** श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्म की त्रिवेणी बनकर सिसला धाम एक बार फिर श्याम प्रेमियों के लिए आस्था का केंद्र बना। शीश के दानी बाबा श्याम की पावन भूमि सिसला धाम में दूर-दराज़ से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भक्तों ने पूरे भक्ति भाव से बाबा श्याम के चरणों में शीश नवाया और सुख-शांति की कामना की।

### शराब तस्करी मामले में उद्घोषित गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहीम अंतर्गत पीओ पकडो स्टाफ द्वारा शराब तस्करी करने के मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश की टीम द्वारा आरोपी गांव पाडला निवासी सोमबीर को गिरफ्तार कर लिया।

### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हड़ताल कल

**कैथल।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर सिंचाई विभाग, हुडा, समाज कल्याण, पंचायती राज, भवन निर्माण विभाग, रोजगार कार्यालय, फायर ब्रिगेड व पुंडरी ब्लॉक के स्कूलों में टीमें चलाई गई। मीटिंगों में इन सभी विभागों से संकड़ों की संख्या में कर्मचारी व अध्यापक मौजूद रहे।

### भूमि को हरा भरा बनाने के लिए प्रयास जारी

**कलायत।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि भारत भूमि को हरा भरा बनाने के लिए भाजपा के हर स्तर पर प्रयास जारी हैं। इसके तहत केंद्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर एक पौधा मां के नाम अभियान को गति दी जा रही है। यह मिशन पर्यावरण के रूप में धरती के श्रृंगार का काम करेगा। वे सोमवार को कलायत अनाज मंडी में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत बतौर मुख्य अतिथि लोगों से रूबरू थे।

### यातायात नियमों का दृढ़ता से करें पालन

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि यदि हम यातायात नियमों का सही पालन नहीं करेंगे तो स्वयं की जिंदगी के साथ-साथ अन्य जान-माल का नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। दोपहिया वाहन चालक जरूर हैल्मैट का उपयोग करें, इसमें कोई लापरवाही ने बरतें।

### जागृति अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**कैथल।** अखिल भारतीय मानव सेवा समिति द्वारा गीता हाई स्कूल पट्टी अफगान तथा पवनार पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन में पौधारोपण तथा नशा मुक्ति हरियाणा मैराथन दौड़ को लेकर जागृति अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान जोगिंदर ढूल ने बताया की समिति हर वर्ष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करती है।

### अमनदीप ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की

**कलायत।** अमनदीप ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर ससुराल व मायके पक्ष का नाम रोशन किया। होनहार बहु की इस सफलता पर हर कोई गर्व महसूस कर रहा है। पति दीपक ने बताया कि वर्ष 2022 में वे दोनों वैवाहिक सूत्र में बंधे थे।


---

## महिला ने पुलिस कर्मचारियों पर लगाए थे थर्ड डिग्री टार्चर करने के आरोप

# सीवन थाने में पुलिसकर्मियों द्वारा महिला से मारपीट करने के मामले में आया नया मोड

### पुलिस ने लापता युवती को किया बरामद, युवती ने महिला पर लगाए 4 युवकों से रेप करवाने के आरोप


डीएसपी ललित प्रकाश


जानकारी देती पीड़ित किशोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल के सीवन थाना में 4 पुलिसकर्मियों द्वारा एक महिला से मारपीट करने और लड़की लापता होने के मामले में पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए लापता लड़की को राजौंद क्षेत्र से बरामद किया है। लड़की से पूछताछ में पता चला कि जिस महिला ममता की शिकायत पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। उसी का लड़की को घर से भगाने में हाथ था। उसने लड़की को नाबालिग होते हुए अलग-अलग युवकों के साथ शादी का झांसा देकर बाहर भेजा। उन युवकों ने लड़की के साथ रेप किया और बाद में शादी से मना करते रहे। मामले को लेकर डीएसपी ललित कुमार ने सोमवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता की। डीएसपी ने बताया कि कुछ दिन पहले सीवन से एक 16 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई थी। मामले में परिजनों ने ममता नाम की महिला पर लड़की को भगाने में सहयोग करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया, लेकिन महिला ने पुलिस कर्मचारियों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया था।

#### अलग-अलग चार युवकों से करवाया रेप

अब बरामद की गई लड़की ने बताया है कि चार महीने पहले ममता ने उसे नसीब नाम के लड़के से मिलवाया।

नसीब उसे कांगथली के एक ढाबे पर ले गया और उसके साथ शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। जब संबंध बनाने के बाद लड़के ने कहा कि उसकी कहीं ओर जगह पर सगाई हो चुकी है तो ममता के पास ये बात पहुंच गई। फिर उसने लड़की को कहा कि वह किसी और युवक के साथ उसकी शादी करवा देगी और उसके साथ भी संबंध बनवा दिए। इस प्रकार एक के बाद एक चार युवकों से रेप करवाया।

#### लड़की बरामद

*डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि जो लड़की घर से चली गई थी उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है और उसकी काउंसलिंग भी करवाई गई है। लड़की के अनुसार ममता नाम की महिला ने उसकी मर्जी के खिलाफ शादी का झांसा देकर कई लोगों के साथ उसके संबंध बनवाएं। इस मामले में ममता का पूरा रोल रहा है।*

#### ममता ने गिरोह में फंसा रखा था

लड़की के भाई रवि ने बताया कि उनकी लड़की को ममता ने गिरोह में फंसा रखा था, लड़की से हमारी बात हो गई है और उसने पूरी जानकारी दी है कि ममता ने हमारी लड़की को कहां फंसा रखा था। लड़की के साथ कई लड़कों से दुष्कर्म भी करवाया। इसलिए ममता को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए अन्यथा वे धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं ममता से पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट के सवाल पर उन्होंने कहा कि मामले में एक अलग से एफआईआर दर्ज की गई है और उसकी जांच करनाल पुलिस को सौंपी गई है ताकि इसमें निष्पक्ष जांच हो सके।

मामले को लेकर लड़की के पिता ने भी सामने आकर बयान दिया। उसने ने कहा कि हमारी लड़की को ममता नाम की इस महिला ने भागने का काम किया है। जो सामाजिक संगठन ममता के साथ लगकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें पहले हमारे परिवार से भी बात करनी चाहिए थी कि ममता ने हमारे साथ क्या किया है। जो वह महिला चोट के निशान दिखा रही है, वह उसको उसके पति और घर वालों ने मारे हैं। सामाजिक संगठनों को गुमराह कर पुलिस के खिलाफ कर दिया। इस महिला पर कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं लड़की ने भी मामले में ममता पर आरोप लगाए हैं।

#### यूं था मामला

बता दें कि 29 जून को सीवन थाने में एक मामला आया था कि एक लड़की घर से चली गई है और उनके घर के पास की एक महिला ममता पर उसको घर से भगाने का आरोप था। इस मामले में थाने के अंदर पंचायत हुई और काफी लोग इकट्ठा हुए, पुलिस ने ममता से पूछताछ की, परंतु अगले दिन सुबह ममता के परिवार ने आरोप लगाए कि उनकी महिला के साथ चार पुरुष और एक महिला पुलिसकर्मी ने कमरे में ले जाकर बुरी तरह से पिटाई की है। पुलिस के विरोध में दलित समाज के संगठन धरना प्रदर्शन पर उतर आए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। मामले में सीवन थाना के चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कर इसकी जांच करनाल पुलिस को दी गई है, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।

---


**कैथल।** खंड शिक्षा अधिकारी गुहला बलबीर कश्यप मैडिकल कैंप का शुभारंभ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## दिव्यांग बच्चों की जांच के लिए छह दिवसीय कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

■ खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने किया शुभारंभ

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में जिला कैथल में दिव्यांग बच्चों के लिए छह दिवसीय मेडिकल कैंप का शुभारंभ बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी गुहला ने किया। इस विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि आज गुहला ब्लॉक के दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें 45 दिव्यांग बच्चों का निरीक्षण किया गया। जिसमें बौद्धिक अक्षमता के 27 , दृष्टि बाधिता के 4 श्रवण दोष के 05 तथा अस्थि बाधिता के 9 बच्चों ने अपना चैक अप करवाया। बच्चों को मौके पर ही सभी मेडिकल व्यवस्था मुहैया करवाई गई। इस अवसर पर जिला सहायक परियोजना संयोजक कैथल कुशल कुमार ने इस कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जिला कैथल के सभी खंडों के दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक दिन एक खंड के लिए निश्चित किया गया है। इनमें 8 जुलाई 2025 सीवन, 9 जुलाई को राजौंद, 10 जुलाई को कलायत, 11 जुलाई को पुण्डरी, 12 कैथल खंड के लिए रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि इस शिविर में लगभग 300 दिव्यांग बच्चे भाग लेंगे। इनको मौके पर ही मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ साथ सहायक उपकरण, बस पास, रेलवे पास आदि सुविधाओं की समस्त औपचारिकता पूरी करवाई जाएगी। आज मौके पर ही दिव्यांग बच्चों की जांच करने हेतु डॉ राजीव मित्तल, डा. हिमांशु बंसल, डा. कविता गोयल, डा. अनिल अग्रवाला, सुनील कुमार आदि टीम का विशेष योगदान रहा।

---

# नशे के खिलाफ युवाओं को किया जागरूक

■ नशे के विरुद्ध पुलिस का जन जागरूकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक करती कैथल पुलिस।

नशे के विरुद्ध कैथल पुलिस का जन जागरूकता अभियान लगातार जारी है। एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार जिला कैथल में एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार को शामिल करके नशा जागरूकता टीम बनाई गई है। जो उक्त टीम घर-घर व शिक्षण संस्थानों में जाकर आमजन सहित युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक कर रही है। सोमवार को उक्त टीम द्वारा कैथल में विभिन्न स्थानो पर युवाओं एवं उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए नशे के कारण होने वाले नुकसान के बारे मे बताया गया। गौरतलब है कि नशीले पदार्थों का समाज में तेजी से चलन बढ़ रहा है। जिसकी चपेट में नवयुवक आ रहे हैं। नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है। शरीर की ताकत नशे की भेंट चढ़ जाने के कारण कैंसर, जिगर का खराब होना, फेफड़ों, दिल की बीमारी, शरीर का कमजोर होना, याददाश्त कमजोर होना, एड्स, मानसिक रोग आदि की बीमारी शरीर में घर कर सकती है। नशे की आदत एक बीमारी है।

#### अभियान का लक्ष्य सुनहरा भारत बनाना

इसलिए उनसे सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए। नशे में फंसे व्यक्ति का मनोबल बढ़ाना चाहिए तथा इलाज के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही यह प्रवृत्ति इनको अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित करती है। आने वाले पीढ़ी को नशे से दूर कर एक सुनहरा भारत बनाने के लिए सीधी पुलिस ने यह पहल की है। एसपी आस्था मोदी ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा की आप अपने आस-पास के लोगो को नशे से होने वाले नुकसान के बारे बताये एवं नशीले पदार्थ बेचने वाले लोगो की जानकारी पुलिस को दे जिससे नशा तस्करों पर नकेल कसके जिला को नशामुक्त बनाया जा सके।

---

# नरेश जाट स्कूल के प्रिंसिपल बने

■ जाट शिक्षण संस्थान संपूर्ण समाज में भाईचारे का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** जाट हाई स्कूल सोसाइटी के पदाधिकारी नवनियुक्त प्रिंसिपल नरेश राणा को बधाई देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

जाट वमावि में जाट हाई स्कूल सोसाइटी द्वारा नरेश राणा को प्रिंसिपल के पद पर नियुक्त किया गया । जाट वमावि के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे व जाट हाई स्कूल सोसायटी के नवनियुक्त प्रधान राजकुमार बेनीवाल उप प्रधान बलजिंदर बनवाला व जनरल सेक्रेटरी रश्मि ढुल व कोषाध्यक्ष बलकार नैन व अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। प्रिंसिपल नरेश राणा ने बताया कि जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर शारीरिक व मानसिक विकास के लिए सेमिनारो का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने मीडिया को बताया कि जाट हाई स्कूल सोसाइटी की प्रबंधन समिति के सदस्य जाट शिक्षण संस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है, जाट शिक्षण संस्थान में गत वर्ष नए कोर्स आने की भी उम्मीद है, नए कोर्सों के लिए फाइल लगी हुई है उनकी स्वीकृति जल्द ही मिल जाएगी, जाट शिक्षण संस्थान संपूर्ण समाज में भाईचारे का प्रतीक है जाट शिक्षण संस्थान में 36 बिरादरी के छात्र एवं छात्राएं शिक्षा ग्रहण करके अपने मंगल भविष्य के लिए डिग्रियां प्राप्त करअपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं।

---

# होनहार छात्रों को किया सम्मानित

■ बेलरखा स्कूल का गौरव बढ़ाया तीन छात्रों ने नवोदय में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना


**नरवाना।** सम्मानित करते हुए अध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बेलरखा के लिए यह दिन गर्व और उल्लास से भरा रहाए जब विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की। घोषित परिणामों के अनुसारए मीनाक्षी पुत्री प्रदीप कुमार ने नवोदय परीक्षा उत्तीर्ण कीए जबकि प्रथम सूची में दो और मेधावी छात्र.छात्राएं तन्नु पुत्री सतीश कुमार और विनय पुत्र जितेंद्र कुमार ने भी सफलता का परचम लहराया। इस प्रकार विद्यालय की कक्षा पाँचवी से तीन विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है जो विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने इस सफलता पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम शिक्षकों की मेहनतए विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। मुख्य शिक्षक सुरेंद्र पातलान ने कक्षा इंचार्ज प्रदीप जागलान एवं पुष्पा रानी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की उच्च शिक्षण गुणवत्ता का प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान बलिंद्र सिंह ने भी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर खुशी जताई और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

---

# अपने जीवन में साफ-सफाई को प्राथमिकता बनाएं

■ नगरपालिका चीका ने चलाया हैंड वाश जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला चीका


**गुहला चीका।** छात्राओं को स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए सचिव।

नगरपालिका चीका के सचिव जितेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आज म्युनिसिपल कोऑर्डिनेटर प्रकाश व मदन शर्मा, तथा टीसीओ सतीश कुमार द्वारा राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, वार्ड नं. 01, चीका में बच्चों को हाथ धोने के महत्व और उसकी सही तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। इस गतिविधि का उद्देश्य यह समझाना है कि हाथ धोना बीमारियों से बचाव का एक सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय है। हैंड वाश गतिविधि के मुख्य उद्देश्य . हाथ धोने के महत्व को समझाना, लोगों को यह जागरूक करना कि नियमित रूप से हाथ धोना क्यों जरूरी है, हाथ धोने की सही विधि सिखाना, साबुन और पानी से हाथ धोने की सही प्रक्रिया को सिखाना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा साफ-सफाई और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी देना है। हैंड वाश गतिविधि के लाभ में बीमारियों से बचाव, डायरिया, हैजा जैसी जलजनित बीमारियों से सुरक्षा, स्वच्छता में सुधार, स्वच्छ आदतें अपनाकर जीवनशैली में सुधार, सामुदायिक स्वास्थ्य में वृद्धि शामिल है। नगरपालिका चीका ने आमजन से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग दें और अपने जीवन में साफ-सफाई को प्राथमिकता बनाएं, ताकि सभी का स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

---

# डीएवी के विद्यार्थियों का सीए की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

■ सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


कन्हैया सिंघल।


नंदिनी।

डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि डीएवी जींद के चार छात्रों कन्हैया, नंदिनी, हर्ष और विक्रम ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। उन्होंने दृढ़ निश्चय, समर्पण, निरंतरता व उत्कृष्टता के कारण श्रेष्ठ परिणाम हासिल किया।

कन्हैया जिन्होंने देशभर में प्रभावशाली 28वीं रैंक हासिल की है और उनके साथी छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। सीए चार्टर्ड अकाउंटेंट के विषय में उन्होंने बताया कि सीए बनने के कई फायदे हैं। यह एक प्रतिष्ठित और लाभकारी करियर विकल्प है। जिसमें अच्छी सैलरी, नौकरी की सुरक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलता है। यह आपको वित्तीय क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और समाज में सम्मान प्राप्त करने में मदद करता है। रश्मि विद्यार्थी ने सीए में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

---

## जिस काम के लिए बजट आवंटित उस पर तुरंत काम शुरू करवाएं

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर काम में तेजी लाएं

■ सिंचाई विभाग के एक्सईएन को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

डीसी प्रीति ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर काम में तेजी लाते हुए उन्हें तय समय सीमा में पूरा करवाएं। जिस काम के लिए पैसा आबंटित हो जाता है, उस पर तुरंत काम शुरू करवाएं। ताकि समय ज्यादा लगने पर लागत न बढ़े और उसी बजट में काम पूरा जो जाए। आपसी विभागीय तालमेल में कमी है तो संबंधित अधिकारी बैठक करें। यदि फिर भी समाधान नहीं होता है तो उन्हें जानकारी दें। इसके साथ-साथ जो भी काम किया जाए, उसकी एटीआर पोर्टल पर अपडेट करते रहें। गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता सहन नहीं होगा। यदि कोई लापरवाही मिलती है तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। डीसी प्रीति सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा जिले में की गई घोषणाओं पर हुए काम की समीक्षा कर रहीं थीं।

उन्होंने कहा कि सीएम की घोषणाओं पर जो भी काम हो, उसे पोर्टल पर अपडेट करते रहें। पोर्टल पर कुछ ओर डाटा होगा और धरातल पर यदि स्थिति अलग मिलती है तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने बैठक में कई विभागों के कार्यों के जमीनी स्तर पर व पोर्टल पर अपडेशन को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही नोडल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि घोषणाओं पर जिस भी विभाग द्वारा काम किया जा रहा है, उनके साथ तालमेल बनाते हुए कागजों में सही जानकारी अपडेट होती रहे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नोडल विभाग को कोई भी विभागीय अधिकारी उचित डाटा उपलब्ध नहीं करवाता तो उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने बैठक में न पहुंचने पर एक्सईएन सिंचाई विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

#### अधिकारी बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं

डीसी प्रीति ने कहा कि अधिकारी बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार जो भी सड़कें बनाई जा रही हैं, उन पर संकेतक बोर्ड सहित सभी सुरक्षा नियमों की पालना सुनिश्चित की जाए। डीसी ने यह भी कहा कि जिला स्तर पर एक दूसरे विभाग द्वारा यदि कोई एनओसी जारी की जानी है तो संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ बैठक करें। डीसी ने कहा कि विकास कार्यों के लिए अनुमानित लागत रिपोर्ट समय पर भेजें। ताकि बजट आवंटित होने पर समय पर काम पूरा किया जा सके।

**खबर संक्षेप**

### मैराथन की तैयारियां जोरों पर, पंजीकरण भी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि आगामी 13 जुलाई को आयोजित की जाने वाली मैराथन को लेकर तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। इस मैराथन को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मैराथन को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां की जा रही हैं। वहीं आमजन में मैराथन को लेकर उत्साह बना हुआ है और लोग भारी संख्या में पंजीकरण करवा रहे हैं। डीसी प्रीति ने बताया कि विभिन्न समाज सेवी संस्थाएं भी इस मैराथन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगी।

### अवैध कॉलोनियों पर जिला प्रशासन सख्त

**जींद।** सफीदों व नरवाना के शहरी क्षेत्र में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। डीटीपी अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच में पाया गया कि राजस्व एस्टेट नरवाना व सफीदों में अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं।

### मोबाइल शॉप से हजारों के फोन चुरा ले गए चोर

**कैथल।** बालाजी कॉलोनी में मोबाइल की दुकान से हजारों रुपये के मोबाइल चोरी हो गए। दुकानदार राहुल ने बताया कि वह बालाजी कॉलोनी में मोबाइल की दुकान करता है। आरोप है कि 5 जुलाई की रात को कर उसकी दुकान में घुसते हुए वहां पर रखे तीन मोबाइल चुरा कर ले गए। चुराए गए मोबाइल की कीमत करीब 50000 बताई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# सेक्टरों में सड़कों की मरम्मत व सीवरेज व्यवस्था भी होगी दुरुस्त

## सेक्टर सात में सड़कों की मरम्मत पर खर्च होंगे 10.15 लाख

13 लाख रुपये की लागत से सही की की जाएगी सेक्टर की सीवरेज व्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टरों में सड़कों की मरम्मत और सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त होगी। 10 लाख 15 हजार रुपये की राशि सेक्टर सात में प्लॉट नंबर 154 से लेकर 161 के बीच सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य पर खर्च होगी। इसके अलावा सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में वर्ष 2025-26 के लिए 13 लाख चार हजार 324 रुपये की राशि सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रयोग होगी। इसके सीवरेज के मेन लाइन की बकेट टाइप मशीन से सफाई और मरम्मत कार्य शामिल हैं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की वार्षिक मरम्मत के तौर पर तीन लाख 20 हजार 870 रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा चार 97 हजार रुपये की राशि से सीवरेज के टूटे ढक्कनों को बदला जाएगा। जिसके एचएसवीपी ने टेंडर लगाए गए हैं। जिसकी ऑनलाइन बिड दस जुलाई को खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी द्वारा काम किया जाएगा। सेक्टर छह, सात, आठ और नौ की गिनती शहर के पॉश क्षेत्र में होती है। सेक्टर छह, सात, आठ और नौ की सड़कें हैबतपुर के पास निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, सफीदों रोड, सब्जी मंडी और जींद-रोहतक रोड हाइवे को जोड़ते हैं। सेक्टरों में 6 निजी अस्पताल, सिविल लाइन थाना व पॉलीक्लीनिक भी है। यहां वाहनों का अवागमन ज्यादा रहता है। चारों सेक्टरों में लगभग 2400 मकान हैं। जिसमें लगभग आठ हजार लोग रहते हैं। सेक्टरों में काफी संख्या में प्लॉट खाली हैं। जिसमें सीवरेज का गंदा पानी जमा रहता है। सेक्टर आठ प्रधान सतबीर बांगड़, सेक्टर सात प्रधान बिजेंद्र लाठर, सेक्टर छह प्रधान डा. संजय शर्मा ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम है। खाली प्लॉटों में जमा गंदे पानी में मच्छर पनपने की संभावना रहती है। सेक्टरवासियों को डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का डर लगा रहता है। बारिश के मौसम में प्लाटों में जमा गंदे पानी से जहरीले जीव निकलते रहते हैं। वहीं दालमवाला अस्पताल के पास सेक्टरों में जाने वाले रास्ते पर काफी गड्ढे हैं।

### जल्द लगाया जाएगा टेंडर

एचएसवीपी जेई अनुज ढांडा ने बताया कि सेक्टरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। एचएसवीपी का प्रयास है कि सेक्टर में बेहतर विकास हो। सेक्टर सात में प्लाट नंबर 154 से लेकर 161 के बीच सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य होगा। इसके अलावा सेक्टरों में सीवरेज व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए एचएसवीपी द्वारा टेंडर लगाया जाएगा और टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी द्वारा काम किया जाएगा।

## वार्डों के विकास कार्यों के लिए करीब 5 करोड़ की राशि मंजूर



नरवाना। बैठक में मौजूद मंत्री बेदी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि नरवाना के विकास के प्रति वचनबद्ध होकर निरन्तर कार्य किया जा रहा है। सभी वार्डों के विकासात्मक कार्यों के लिए करीब 5 करोड़ रूपये की धनराशि मंजूर हुई है। भविष्य में भी प्रत्येक पार्षद अपने. अपने वार्ड में किए जाने वाले विकासात्मक कार्यों की सूची दें ताकि बजट मुहैया करवाकर विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके। शहर के सवार्गिण विकास हेतू पार्षदों को दायित्व सौंपकर अलग. अलग कमेटियां गठित की गई जो विकासात्मक कार्यों व आमजन को दी जाने वाली अन्य मूलभूत सुविधाओं पर निगरानी रखेंगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर परिषद के लिए करीब 17 करोड़ रूपये की राशि का बजट मंजूर करवाया गया है जिसमें से एक किस्त आ चुकी है। सभी वार्डों के विकास कार्यों की सूची बना दी गई है। शेष बची धनराशि से वार्डों के एस्टीमेट तैयार करवाकर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने का काम किया जाएगा।

### मॉनटरिंग कमेटी बनेंगी

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वित्त कार्यए पब्लिक वर्कए भवनए स्वच्छताए जल निकासीए पेयजल व्यवस्थाए रैंटए स्ट्रीट लाईट मैटिनैंसए विज्ञापन आदि कार्यों की मॉनिटिरिंग के लिए अलग. अलग कमेटियां हाउस की सहमति से गठित की गई है। इनका कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। सभी पार्षद दिए गए दायित्व का निवर्हन जनहित के लिए करें और शहर के सौंदर्यकरण को बढ़ाने का कार्य भी करें। उन्होंने कहा कि शहर के 23 वार्डों में बराबर विकास कार्य ओर तेज गति से करवाए जाएंगे।

## आईटीआई में दाखिले को लेकर प्रक्रिया जारी



जींद। आईटीआई में दाखिले के लिए आई छात्राएं।

- पहली मेरिट लिस्ट में आए 666 छात्रों में से अब तक 183 ने लिया दाखिला।
- फीस जमा करवाने का आज अंतिम दिन, अंतिम दिन,
- दूसरे राउंड के लिए नौ जुलाई को खाली सीटों की होगी सूची जारी : नरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिला प्रक्रिया जारी है। संस्थान द्वारा दाखिले की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से अवकाश के दिनों में भी संस्थान खोला गया। जींद में कुल 944 सीटों पर दाखिले किए जाने हैं। प्रथम मेरिट सूची में 666 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इनमें से अभी तक 183 विद्यार्थियों ने दाखिला प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया है। आठ जुलाई तक चयनित अभ्यर्थी अपनी फीस जमा कर सकते हैं। प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची के आधार पर दाखिले की अंतिम तिथि आठ जुलाई निर्धारित की गई है। अबतक प्रथम चरण में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या 183 तक पहुंच चुकी है। संस्थान की ओर से लगातार विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को मोबाइल व अन्य माध्यमों से समय-समय पर जानकारी भी भेजी जा रही है ताकि किसी भी छात्र को दाखिले में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं।

### यह रहेगी प्रक्रिया

आईटीआई में दाखिले को लेकर दूसरे राउंड के लिए नौ जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। पोर्टल खुलने के बाद नौ से दस जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 11, 12 और 14 जुलाई को आईटीआई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे। इसके बाद तीसरे राउंड के लिए खाली सीटों की सूची जारी होगी। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी अपने ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम तीसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 26 जुलाई तक आईटीआई में आकर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 27 जुलाई तक विद्यार्थियों के पास फीस भरने का समय रहेगा।

# हड़ताल को लेकर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। शहर में जुलूस निकालते हुए कर्मचारी संगठनों के नेता।

नौ जुलाई को देशव्यापी हड़ताल को लेकर सोमवार को कर्मचारी संगठनों, सीटू, किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर में जुलूस निकाला। जुलुस के साथ-साथ हड़ताल का पर्चा वितरित करते हुए दुकादारों से हड़ताल के समर्थन की अपील की। जुलुस का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान संजीव ढांडा व राज्य उपप्रधान सुरेश राठी ने किया। जुलुस के दौरान सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने दुकानदारों व आम जनता को संबोधित किया और जींद के व्यापार मंडल से हड़ताल में शामिल होने कि अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र की पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बाजार घाटे में है और बड़ी-बड़ी कम्पनियां आने से छोटे व्यापीरियों पर इसकी मार पड़ रही है। जींद शहर में ही दर्जनों मॉल खुल गए हैं। जिस कारण जींद के व्यापीरियों के काम पर बुरा असर पड़ा है। इसके अलावा ऑनलाइन खरीददारी ने भी काम चौपट किया। केंद्र और राज्य सरकारें मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी विरोधी नीतियों को लागू करने पर अड़ी हुई है। जिसके खिलाफ नौ जुलाई को ऐतिहासिक हड़ताल होने जा रही है। केंद्र सरकार चार श्रम संहिताएं लेबर कोड्स लागू कर रही है। जो न केवल मजदूरों के अधिकारों का हनन करने वाले हैं बल्कि ये कोड संघर्ष व बलिदान से प्राप्त किए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर देंगे।

### फिजिकल काउंसलिंग से होंगे अंडर ग्रेजुएट दाखिले

**नरवाना।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के निर्देशानुसार प्रक्रिया के लिए के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में 9 को फिजिकल काउंसलिंग द्वारा खाली सीटों को भरा जाएगा। दाखिला प्रक्रिया के नोडल अधिकारी प्रोफेसर मोहित ने बताया कि अंडर ग्रेजुएशन में बीएए बीबीएए बीटीएमए बीसीए एऑनर्स इंग्लिशए ऑनर्स मैथए ऑनर्स पॉलिटिकल साइंसए ऑनर्स फिजिक्सए ऑनर्स ज्योग्राफी एमैडिकल साइंसए नान मैडिकल व बी कॉम में पहली मेरिट लिस्ट आने के बाद बच्ची खाली सीटों 09ध07ध2025 को फिजिकल काउंसिलिंग के द्वारा भरा जाएगा। इस काउंसलिंग में वे सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जिन्होंने जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा दिया था।

# जेसीआई जींद इंडस को मिडकॉन अवार्ड समारोह में कई श्रेणियों में विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सम्मानित होते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

जेसीआई जींद इंडस ने करनाल में आयोजित मिडकॉन अवार्ड समारोह 2025 में उत्कृष्ट कार्य के लिए अनेक श्रेणियों में विशेष सम्मान प्राप्त कर जिले का नाम गर्व से ऊंचा किया। सामाजिक विकास, नेतृत्व, प्रशिक्षण एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा गया। जेसीआई जोन के वार्षिक सम्मेलन में प्रशिक्षण क्षेत्र में प्रभावशाली जन भाषण कला कार्यक्रम के आयोजन के लिए संस्था को विशेष प्रशंसा प्राप्त हुई। पीआर एवं मीडिया मार्केटिंग श्रेणी में उत्कृष्ट जनसंपर्क अभियानों और मीडिया पहलों के लिए भी सम्मान प्रदान किया गया। ग्रोथ एंड डवलपमेंट क्षेत्र में सदस्यता वृद्धि के लिए जेसीआई जींद इंडस को विशिष्ट स्थान मिला। कम्यूनिटी डवलपमेंट श्रेणी में समुदाय सेवा परियोजनाओं के लिए संगठन को विशेष मान्यता दी गई। मैनेजमेंट श्रेणी में नेशनल प्रेसिडेंट और वाइस नेशनल प्रेसिडेंट विजिट के सफल आयोजन के लिए संस्था को सराहा गया। इसके साथ ही जेसीआई जींद इंडस को पांच एवं सात स्टार एलओ अवार्ड से भी सम्मानित किया गयाए जो इसके समग्र प्रदर्शन की पुष्टि करता है। प्रधान जेएस सारंग ने कहा किए यह पुरस्कार हम सभी सदस्यों की टीम भावना और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। भविष्य में भी हम ऐसे कार्य करते रहेंगे जो समाज के लिए प्रेरणादायक बनें। वहीं संस्था के संरक्षक जेएफएम श्री सुभाष श्योराण ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहाए यह सम्मान जिले ही नहीं बल्कि पूरे जोन के लिए गर्व की बात है। जेसीआई जींद इंडस सदैव नवाचार और समाजसेवा में अग्रणी रहा है। इस अवसर पर जोन वाइस प्रेसीडेंट जेसी अमित गौड़ ने भी जेसीआई जींद इंडस को बधाई दी और कहा किए ष्यह संस्था अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और सक्रियता से लगातार जोन में उदाहरण दिया।

# ड्राइंग प्रतियोगिता व पौधरोपण कार्यक्रम

- सुखदेव मुनि पब्लिक स्कूल में मेरा युवा भारत मुहिम में कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद




राजौंद। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण करते हुए सदस्य।

डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत कार्यक्रम के तहत सुखदेव मुनि पब्लिक स्कूल सजूमा में ड्राइंग प्रतियोगिता व पौधरोपण हुई। जिसमें स्वयंसेविका आशा रानी ने स्कूल प्राचार्य राकेश धारीवाल पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। स्वयंसेविका आशा रानी ने माई भारत कैथल द्वारा आयोजित किए जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राकेश धारीवाल ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे अति आवश्यक हैं। यह हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरातल को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। इस दौरान राकेश कुमार अध्यापक, मेरा युवा भारत कैथल की स्वयंसेविका आशा रानी, श्रवण कुमार मौजूद रहे।

# गांव सांच में भाविप का मुफ्त नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। नेत्र जांच शिविर में मरीजों की जांच करवाती भाविप सदस्या निधि मोहन।

भारत विकास परिषद द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गांव सांच स्थित गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। एक कदम सफल दृष्टि की ओर मुहिम के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देना और लोगों को नेत्र रोगों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अभियान में पटियाला आई केयर, पूंडरी के सहयोग से आयोजित शिविर में 150 से अधिक ग्रामीणों की आंखों की जांच मुफ्त में की गई और उन्हें आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम के संयोजक राजेश और श्रीराम युवा क्लब के सक्रिय सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत विकास परिषद की टीम ने आंखों की बीमारियों से जुड़ी जानकारियां भी साझा कीं। डॉ. त्रिवेंद्र चक्रवर्ती (ऑप्टोमेट्रिस्ट), पटियाला आई केयर ने कहा आंख है तो जहान है। समय पर नेत्र जांच न केवल मोतियाबिंद जैसी बीमारियों से बचा सकती है, बल्कि कमजोर दृष्टि को सुधारने में भी मदद करती है। महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने भावुक होकर कहा उन आंखों का जरूर ख्याल रखें, जिन्होंने आपको दुनिया दिखाई है। कार्यक्रम में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### गांवों में लगेंगे कानूनी जागरूकता शिविर

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि आगामी 15 जुलाई से 28 जुलाई तक गांवों में जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसमें आमजन को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पीसी-पीएनडीटी एक्ट, फ्री कानूनी सहायता तथा बाल विवाह के प्रति जागरूक किया जाएगा। कैंप को लेकर अधिवक्ताओं तथा पैरा लीगल वालंटियर की ड्यूटी लगा दी गई है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे कानूनी जागरूकता के लिए ग्रामीण सूचना एवं पारदर्शी पहल योजना के बारे में भी लोगों को जागरूक करें।

**कार्यक्रम** | सीआरएसयू में रैपिड एक्शन कमेटी अनुशासन एवं व्यवस्था को देखेगी, पहली बैठक में लिए कई निर्णय

# विश्विविद्यालय में प्रवेश प्रणाली को बनाया जाएगा नियमबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- वीसी में पार्किंग स्थलों का किया गया निर्धारण, कार्रवाई के दिए निर्देश।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने विश्वविद्यालय में व्यवस्था एवं अनुशासन को बनाए रखने के लिए एक रैपिड एक्शन कमेटी का गठन किया है। इसकी कुलपति की अध्यक्षता में सोमवार को पहली बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा और विश्वविद्यालय परिसर में सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से छात्रों व विश्वविद्यालय स्टाफ टीचिंग व नॉन टीचिंग के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया। इससे परिसर में वाहनों की अव्यवस्था को रोकने और समुचित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही विश्वविद्यालय प्रवेश प्रणाली को नियमबद्ध करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रवेश के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के वाहनों के लिए विशेष स्टीकर जारी किए जाएंगे। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश के लिए भी पृथक नियम बनाए जाएंगेए जिससे परिसर में अनुशासन एवं सुरक्षा बनी रहे। शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सभी विभागाध्यक्षए संकायाध्यक्षए प्रोफेसरए एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर को अपने.अपने विभागों में अनुशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा दैनिक प्रॉक्टोरियल ड्यूटी चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्तए गर्ल्स हॉस्टल की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिकोण से एक एंबुलेंस की व्यवस्था किए जाने का भी निर्णय लिया गया। सभी निर्णय रैपिड एक्शन कमेटी द्वारा विश्वविद्यालय में अनुशासन एवं अकादमिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से लिए गए। समिति की अगली बैठक आगामी दो-तीन दिनों में पुनः कुलगुरु कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रगति की समीक्षा व अहम बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रो. डा. कुलदीप नारा, डा. जसबीर सिंह, डा. अनुपम भाटिया, चीफ सिक्योरिटी आफिसर डा. नरेश देशवाल, डा. सुनीति, डा. ज्योति, कैम्पस सुपरवाइजर समरजीत, सिक्योरिटी ऑफिसर सुरेंद्र इत्यादि उपस्थित रहे।